हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 58, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 11 अगस्त, 2021 दिन बुधवार | गाजीपुर/वाराणसी

पहला भरा सिलेण्डर और चूल्हा मिलेगा बिल्कुल फ्री

उज्जवला योजना 2.0 : अब गैस कनेक्शन के लिए एड्रेस प्रूफ की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के महोबा से उज्ज्वला योजना 2.0 की शुरूआत कर दी है. उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गरीबी रेखा के नीचे जिंदगी गुजार रहे लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन सौंपकर उज्ज्वला योजना की शुरूआत की. लॉन्च के बाद उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत भी की।

कार्यक्रम में सीएम योगी भी रहे मौजूद– इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना करोड़ों गरीब परिवारों के लिए स्वच्छ ईंधन और बेहतर जीवन को सुनिश्चित कर रहा है. गरीब परिवारों को उज्ज्वला योजना से धुएं और लकड़ी के झंझट से मुक्ति मिली है. लॉन्च के दौरान उज्ज्वला योजना और विश्व बॉयोफ्यूल दिवस पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई।

साल 2016 में हुई थी शुरूआत– आपको बता दें कि उज्जवाल योजना की शुरूआत साल 2016 में की गई थी. इस दौरान गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों की पांच करोड़ महिला सदस्यों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था. इसके बाद, इस योजना का विस्तार अप्रैल 2018 में सात और श्रेणियों की महिला लाभार्थियों को शामिल करने के लिए किया गया. इस योजना में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पीएमएवाई, एएवाई, सबसे पिछड़ा वर्ग, चाय बागान, वनवासी, द्वीप समूह शामिल किया गया. लक्ष्य को भी बढ़ाकर 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन कर



दिया गया. इस लक्ष्य को अपने तय समय से पहले ही अगस्त 2019 में हासिल कर लिया गया।

अब इन लोगों को मिलेगा फायदा– वित्तवर्ष 21-22 के केंद्रीय बजट में PMUY के तहत एक करोड़ अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन देने का भी ऐलान किया गया था. इन एक करोड़ अतिरिक्त PMUY कनेक्शन (उज्जवला 2.0 के तहत) का उद्देश्य उन कम आय वाले परिवारों को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन देना है, जिन्हें PMUY के पहले चरण के तहत कवर नहीं किया जा सकता था. उज्जवला 2.0 के लाभार्थियों को डिपॉजिट फ्री एलपीजी कनेक्शन के साथ पहली रिफिल और हॉटप्लेट मुफ्त दी जाएगी. साथ ही न्यूनतम कागजी कार्रवाई की जरूरत होगी. उज्ज्वला 2.0 में लोगों को राशन कार्ड या एड्रेस प्रूफ जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं– उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए आधिकारिक पॉर्टल pmuy.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. उज्ज्वला योजना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 2021 के लिए आवेदक अपनी पसंद के किसी भी वितरक को या तो वितरक के पास आवेदन जमा करके या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एप्लीकेशन देकर कर सकते हैं. यानी इस बार आपको कई विकल्प दिए गए हैं. आप चाहे तो अपनी पसंद के वितरक चुन सकते हैं, जैसे इंडेन, भारतगैस या एचपी गैस में से कोई भी एक।

ओबीसी आरक्षण की दिशा में बड़ा कदम लोकसभा से संविधान संशोधन बिल पास

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा से संविधान (127वां) संशोधन बिल पारित हो गया है. मत विभाजन के लिए जरिए ये बिल संसद से पास हुआ है. इस बिल के पक्ष में 385 वोट पड़े, जबकि विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा. यानी कम से कम दो-तिहाई बहुमत से बिल पारित हो गया। इससे पहले बिल पर विस्तार से चर्चा की गई. चर्चा के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि इस बिल के आने के बाद राज्य सरकारों को ओबीसी लिस्ट तैयार करने का अधिकार मिल जाएगा और मराठा आरक्षण जैसे मसलों पर राज्य सरकारें फैसला लेने के लिए स्वतंत्र होंगी. कांग्रेस समेत अन्य सभी विपक्षी दलों ने भी इस बिल का समर्थन किया है. साथ ही विपक्षी दलों ने आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से बढ़ाने की मांग भी सदन में रखी है. इस सत्र में ये पहला ऐसा दिन था जब किसी बिल पर शांतिपूर्ण तरीके से चर्चा की गई. पूरे विपक्ष ने ओबीसी से जुड़े इस बिल का समर्थन किया. साथ ही कुछ दलों ने सरकार से ये मांग भी की है कि ओबीसी आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाने की व्यवस्था भी कराई जाए. विपक्षी सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय सामाजिक न्याय और

अधिकारत मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि जिस तरह सदन ने बिल का समर्थन किया वो स्वागतयोग्य है. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि बीजेपी की नीति और नीयत साफ है. कांग्रेस को जवाब देते हुए वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जब 102वां संशोधन लाया गया था, तब भी कांग्रेस ने उसका समर्थन किया था. इसलिए अब कांग्रेस के पास सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है. उन्होंने मराठा आरक्षण पर जवाब देते हुए कहा कि ये राज्य का विषय है और अब केंद्र ने उन्हें इस पर फैसला लेने के लिए स्वतंत्र कर दिया है।

खत्म होगी आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा? अधीर रंजन ने उठाई लोस में मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने ओबीसी से संबंधित संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए मंगलवार को आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को भी हटाए जाने की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने पर विचार करे ताकि महाराष्ट्र में मराठा समुदाय और दूसरे कई राज्यों में लोगों को इसका लाभ मिल सके। सदन में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'संविधान (127वां संशोधन) विधेयक, 2021 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार की गलती के कारण ही यह विधेयक लाना पड़ा है तथा वह उत्तर प्रदेश एवं कुछ राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखकर भी इसे लाई है। उन्होंने पेगासस जासूसी मामले को उठाते हुए कहा कि अगर सरकार इस पर चर्चा के लिए सहमत होती तो गतिरोध नहीं होता, हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह विषय पर बोलें। चौधरी ने कहा, "हम इस विधेयक पर चर्चा में भाग ले रहे हैं क्योंकि यह संविधान संशोधन विधेयक है इसमें दो तिहाई बहुमत का समर्थन की जरूरत है। हम एक जिम्मेदार दल हैं, इसलिए हम इसमें भाग रहे हैं। कांग्रेस नेता ने अतीत की अपनी पार्टी की सरकारों के समय ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए किये गए कार्यों का उल्लेख किया।

डीजीपी ने बताया- पाकिस्तान पढ़ाई करने गए लड़के आतंकी बनकर लौटे, अब तक 17 मारे गए

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह मंगलवार को राजोरी जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कई लड़के साल 2017 से 2018 के दौरान वैध पासपोर्ट और वीजा पर पाकिस्तान गए थे। इनमें से करीब 57 मामले ऐसे सामने आए हैं जिनमें लड़के जो स्टडी वीजा या टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान गए थे, वह पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों में शामिल हो गए थे। इन 57 में से 17 आतंकी बनकर वापस आ गए थे और अब तक मारे जा चुके हैं। राजोरी पुलिस ने बताया कि पिछले सप्ताह जिले में हुई मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों में से एक(रमीस अहमद तांत्रे) ने फरवरी 2018 में भारतीय पासपोर्ट पर पाकिस्तान की यात्रा की थी। एसपी ने कहा कि दूसरे आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

दोनों सदनों में गतिरोध जारी, स्पीकर बोले- सभी को करना होगा संसदीय मयार्दा का पालन

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में आज भी विपक्ष का हंगामा जारी है। संसद में विपक्ष के हंगामे पर समय गतिरोध में ही बीता है। इसकी वजह से दोनों ही सदनों में काम कम हुआ और इसकी वजह से सरकार को करोड़ों का नुकसान भी

लोकसभा स्पीकर ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि सदन में सभी माननीय सदस्यों को संसदीय मयार्दा का हर हाल में पालन करना ही होगा। बता दें कि मानूसन सत्र के खत्म होने के अब केवल तीन दिन ही शेष रह गए हैं। 19 जुलाई को शुरू हुए इस सत्र का ज्यादातर उठाना पड़ा है। भाजपा ने 10 अगस्त और 11 अगस्त के लिए अपने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी कर उन्हें दोनों सदनों और अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में मौजूद रहने को कहा है। विपक्ष द्वारा जारी गतिरोध की सबसे बड़ी वजह पेगासस जासूसी कांड रहा है और दूसरी वजह किसानों को मुद्दा रहा है। इन दोनों ही मुद्दों पर विपक्ष लगातार चर्चा किए जाने की मांग कर रहा है, वहीं सरकार का कहना है कि विपक्ष इन मुद्दों पर राजनीति कर रहा है। सरकार की तरफ से ये भी अपील की गई है कि विपक्ष को जनहित के मुद्दों पर सदन में वार्ता करनी चाहिए। गतिरोध के बीच सरकार अब तक कुछ बिल भी पास करवा चुकी है। विपक्ष इस पर भी अपनी आपत्ति जता रहा है। हालांकि राज्यों को ओबीसी सूची बनाने का अधिकार देने संबंधी बिल पर विपक्ष ने सरकार का साथ दिया है। इस बीच विपक्ष ने ये भी साफ कर दिया है कि पेगासस, कृषि कानूनों और महंगाई के मुद्दों पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। जैसे-जैसे मानसून सत्र के समाप्त होने के दिन नजदीक आ रहे हैं सरकार ने भी पूरी कमर कस ली है। इसके तहत अब आखिरी दिनों में सरकार ने विधायी कामकाज को पूरा करने की रफ्तार तेज कर दी है।

खिलाड़ियों का सम्मान: गोल्ड विजेता नीरज चोपड़ा बोले- 90 मीटर भाला फेंकना मेरा सपना

नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह भारत के पहले एथलीट हैं जिन्होंने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ओलंपिक में हमारी मेहनत रंग लाई। नीरज चोपड़ा ने कहा कि देश आकर गोल्ड मेडल जीतने का बड़ा एहसास हुआ। देश का अगर प्रधानमंत्री आपको सपोर्ट कर रहा है तो यह बड़ी बात है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझसे भी बात की। उन्होंने हमें जब फोन किया तो अच्छा लगा। देश का पीएम खिलाड़ियों से बात करे ये बहुत बड़ी बात है। नीरज ने कहा कि उनका अगला टारगेट विश्व चैंपियनशिप है। वहीं भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खड़े होकर पार्टी सांसदों से ताली बजवाई। उन्होंने पार्टी सांसदों से कहा कि हर स्तर खेल को बढ़ावा दिया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिकेट की तरह दूसरे खेलों में जुनून हो। नीरज ने आगे कहा कि



उनका इरादा 90 मीटर भाला फेंकने का है और वह 90 मीटर भाला फेकेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भारत के एथलीट ओलंपिक में इस स्पर्धा में भाग लेने जाते थे और उनका यही मानना होता था कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन मैं भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीत कर काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं।

सोनीपत में हैवानियत: चार युवकों ने दो नाबालिग बहनों से किया सामूहिक दुष्कर्म, कीटनाशक पिलाकर ली जान

सोनीपत (हरियाणा)। हरियाणा के सोनीपत के एक गांव में दो नाबालिग बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उन्हें कीटनाशक पिला दिया गया। जिससे उनकी दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपियों ने लड़की की मां को उसके बेटों को मारने की धमकी देकर चुप करा दिया और सर्पदंश से मौत होने की जानकारी पुलिस को देने को कहा था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म व कीटनाशक के प्रभाव में मौत का पता लगने पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मूलरूप से बिहार का रहने वाला एक परिवार कुंडली थाना क्षेत्र के एक गांव में किराये पर रहता था। परिवार में दंपती व उनके दो बेटे व दो बेटियां थीं। उसी परिसर में अलग कमरे में बिहार के चार अन्य युवक भी रहते थे। युवकों ने 5 अगस्त की रात को 16 व 14 साल की दो बहनों को अपने कमरे में ले जाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उनकी हालत बिगड़ी तो

उन्हें कीटनाशक पिला दिया। बाद में लड़कियों को उनके कमरे में छोड़ दिया। साथ ही उनकी मां को धमकी दी कि किसी को बताया तो उसके बेटों को मार देंगे। जब बेटियों की हालत बिगड़ने लगी तो महिला उन्हें लेकर दिल्ली के अस्पताल पहुंची। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला ने बेटियों की मौत का कारण सर्पदंश बताया था। जिस पर दिल्ली में पुलिस ने सात अगस्त को पोस्टमार्टम करा दिया था। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म व कीटनाशक पिलाने की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस ने लड़कियों की मां से पूछताछ की तो उसने सच्चाई बता दी। महिला ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले चार युवकों ने बेटियों के साथ गलत किया है।

रात को आरोपियों ने बेटों को भी मारने की धमकी दी थी। बाद में बेटियों की हालत बिगड़ने व आसपास के लोगों के आने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इस पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, हत्या व जहर पिलाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अश्विनी उपाध्याय समेत छह गिरफ्तार कनॉट प्लेस थाने के बाहर हंगामा

नई दिल्ली। आठ अगस्त को जंतर-मंतर पर भारत जोड़ो आंदोलन के प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से धर्म विशेष के खिलाफ नारेबाजी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय समेत छह लोगों को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इनमें अश्विनी उपाध्याय के अलावा विनोद शर्मा, दीपक सिंह, विनीत क्रांति, प्रीत सिंह, दीपक भी शामिल हैं जिन्हें जंतर-मंतर पर भारत जोड़ो आंदोलन के आगाज के दौरान भड़काऊ भाषण देने के लिए गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी के बाद अश्विनी उपाध्याय व अन्य लोगों के समर्थन में कुछ लोग कनॉट प्लेस थाने के बाहर इकट्ठा हो गए थे और लगभग 15 मिनट तक सड़क जाम किया और थाने के अंदर भी घुसने की कोशिश की। इनकी वजह से ट्रैफिक भी काफी देर तक प्रभावित हुआ। हालांकि बाद में पैरामिलिट्री फोर्स बुलाकर सभी प्ररदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया है और इस समय यह लोग पुलिस की एक बस में है। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं। नौ अगस्त की देर रात को ही दिल्ली पुलिस ने उन्हें कनॉट प्लेस थाने में बुलाया था, जिसके बाद से ही उनसे पूछताछ चल रही है। इस मामले में इन सभी लोगों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद ही दिल्ली पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। माना जा रहा है कि इन लोगों को आज पटियाला कोर्ट में पेश किया जा सकता है। इस मामले में अश्विनी उपाध्याय की सफाई आई है कि 'मैंने नारे नहीं लगाए न ही मैं नारे लगाने वालों को जानता हूं।'

पेगासस जासूसी कांड: सुप्रीम कोर्ट में सोमवार तक सुनवाई टली, याचिकाकताओं ने एसआईटी जांच की उठाई थी मांग

नई दिल्ली। पेगासस जासूसी मामले से जुड़ी नौ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज होने वाली सुनवाई अगले सोमवार तक टल गई है। सॉलिसीटर जनरल ने कहा कि शिकायत की कॉपी अभी पढ़ी जा रही है। कॉपी पढ़ने के बाद ही अपनी दलील रख पाएंगे। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने सोमवार तक सुनवाई टाल दी।

सुप्रीम कोर्ट में ठीक 11 बजे पेगासस पर सुनवाई शुरू हुई। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने पूछा कि क्या कॉपी सरकार को दे दी गई? इसपर सॉलिसीटर जनरल ने कहा कि यशवंत सिन्हा को छोड़कर सभी की कॉपी मिली है, अभी हम पढ़ रहे हैं, इसके बाद सरकार से निर्देश लेंगे, इसलिए शुक्रवार तक का समय दिया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शुक्रवार को हमें कुछ समस्या है, सोमवार को सुनवाई कर पाएंगे। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि जो भी याचिकाकर्ता हमारे सामने हैं, हमारे सामने ही बात रखें। हमारे सवालों के जवाब दें। अगर मीडिया या सोशल मीडिया पर ही बात रखना चाहते हैं तो अलग बात है। हम उम्मीद करते हैं कि आप समानांतर प्रक्रिया न चलाएं। कुछ अनुशासन होना चाहिए। कपिल सिब्बल और बाकी वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश की बात पर सहमति जताई। इस दौरान कपिल सिब्बल ने कैलिफोर्निया कोर्ट की कार्रवाई का भी जिक्र किया। इस मामले में पत्रकारों, वकीलों,

सामाजिक कार्यकताओं और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की तरफ से अर्जियां दायर कर एसआईटी जांच की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर या मौजूदा जज की अध्यक्षता में एसआईटी गठित कर जांच करवाई जाए। इससे पहले इस मामले में 5 अगस्त को मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने सुनवाई की थी। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से सवाल किया कि इस मामले में आईटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज क्यों नहीं करवाई गई है?अगर आपको लगता है कि आपका फोन हैक हुआ है, तो फिर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करवाई? मुख्य न्यायाधीश ने सभी याचिकाकताओं से कहा कि वह अर्जी की कॉपी केंद्र सरकार को भेजें , ताकि कोई नोटिस लेने के लिए मौजूद रहे। वहीं, पेगासस जासूसी मुद्दे पर जारी गतिरोध के बीच रक्षा मंत्रालय ने चुप्पी तोड़ी है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि सरकार का एनएसओ के साथ कोई लेनदेन नहीं रहा। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने एक लिखित जवाब में बताया कि उनके मंत्रालय ने इस्त्राइल कंपनी के साथ कोई करार नहीं किया और उसकी किसी तरह की सेवा नहीं ली। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इससे पहले राज्यसभा में सरकार द्वारा एनएसओ की कोई भी सेवा लिए जाने से इनकार किया था।

तालिबान के कहर के बीच अफगानिस्तान में कॉन्सुलेट के अधिकारियों को वापस लाएगी सरकार

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में लगातार हो रही हिंसा के बाद भारत अब अफगानिस्तान में कॉन्सुलेट में कार्यरत भारतीय कर्मचारियों को वापस लाएगा। अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर में स्थित कॉन्सुलेट में कुछ अधिकारी और कुछ अन्य भारतीय अभी मौजूद हैं। अब इन सभी को वहां से निकाला जाएगा। भारतीय वायुसेना अफगानिस्तान के इस शहर में रह रहे लोगों को बाहर निकालेगी। मजार-ए-शरीफ अफगानिस्तान का वो शहर है जहां अंतिम भारतीय वाणिज्य दूतावास मौजूद हैं। इस शहर में बसे सभी भारतीय लोगों को अब भारतीय वायुसेना वहां से निकालेगी। अफगानिस्तान में तालिबान के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए भारत सरकार ने ये फैसला लिया है कि भारत के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को मजार-ए-शरीफ से वापस बुलाया जाएगा। मजार-ए-शरीफ में मौजूद भारतीय दूतावास की ओर से जानकारी दी गई है कि मंगलवार शाम को मजार-ए-शरीफ से एक स्पेशल फ्लाइट नई दिल्ली के लिए रवाना होगी। जो भी भारतीय आसपास हैं, वह शाम की फ्लाइट से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाए। जो जानकारी भारत की तरफ से दी गई है उसमें कहा गया है कि जिस भी भारतीय को नई दिल्ली रवाना होना है, वह तुरंत अपना पूरा नाम, पासपोर्ट नंबर और अन्य जानकारी व्हाट्सएप पर भेज दे। इसके साथ ही दो नंबर भी किए गए हैं, वो नंबर हैं- 0785891303, 0785891301

अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कहर बढ़ता जा रहा है। तालिबान ने पिछले चार दिनों में छह प्रांतीय राजधानियों पर कब्जा किया है। अफगानिस्तान के कई शहरों पर कब्जा कर चुके तालिबान ने वहां क्रूर हत्याएं भी की हैं। दहशत का आलम यह है कि यहां नागरिक घरों से निकलने से कतरा रहे हैं। तालिबान ने हाल ही में ऐलान किया है कि वो अब देश के उत्तर में स्थित सबसे बड़े शहर मजार-ए-शरीफ की ओर रूख कर रहे हैं। जिसके बाद अब भारत सरकार ने वहां रह रहे भारतीयों को निकालने का फैसला किया है।

चिंतन मनन

स्वर्णिम सफलता

ओलंपिक में जिस चीज के लिए भारत पहले दिन से दुआ कर रहा था, वह पूरी हो गई। भारत के खाते में गोल्ड मेडल आ ही गया। भारत का ओलिंपिक में एथलेटिक्स का गोल्ड जीतने का 121 साल का इंतजार भी खत्म हो गया है। जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने देश को इस खेल में गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में 87.58 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ जेवलिन थ्रो इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। भारत ने साल 1900 में दूसरे ओलंपिक गेम्स में पहली बार हिस्सा लिया था। तब से आज तक कोई भारतीय एथलेटिक्स के किसी भी इवेंट में मेडल नहीं जीत पाया था। 1900 ओलंपिक में ब्रिटिश इंडिया की ओर से खेलते हुए स्प्रिंटर नॉर्मन प्रिटचार्ड ने दो सिल्वर मेडल जीते थे। लेकिन, प्रिटचार्ड अंग्रेज थे भारतीय नहीं। नीरज ने पहले अटैम्प्ट में 87.03 मीटर और दूसरे अटैम्प्ट में 87.58 मीटर दूर भाला फेंका था। तीसरे अटैम्प्ट में 76.79 मीटर दूर भाला फेंका था। चौथे और पांचवें अटैम्प्ट में उन्होंने फाउल थ्रो किया। छठवें अटैम्प्ट में उन्होंने 84.24 मीटर दूर भाला फेंका। एथलेटिक्स ओलंपिक गेम्स का मुख्य आकर्षण होते हैं, लेकिन नीरज से पहले कोई भारतीय इन इवेंट्स में मेडल नहीं जीत पाया था। अब तक जो भी मेडल इस प्रतियोगिता में मिला था, उस पर ब्रिटिश की छाप लगी थी और हर बार जिक्र आते समय यह भारत को चिढ़ा रही थी, मगर अब नीरज ने अपने शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ भारत का नाम ऊंचा किया, बल्कि ब्रिटिश का जो ठप्पा लगा था, उसे भी मिटा दिया। अब ओलंपिक के एथलीट में अगर गोल्ड मेडल का जिक्र होगा, तो वह भारत का होगा। हम किसी के अहसानमंद नहीं रहेंगे। भारत के जेवलिन थ्रोअर और सेना के सूबेदार नीरज चोपड़ा ने अंग्रेजी हुकूमत के अध्याय को समाप्त कर दिया है। अब देश के लोग गौरव के साथ ओलिंपिक एथलेटिक्स में इस गोल्ड मेडलिस्ट का नाम लेंगे। नीरज सेना के 4 राजपूताना राइफल्स रेजीमेंट में सूबेदार हैं। शनिवार को जब नीरज ने देश के गले में सोने का मेडल डाला तो उनके रेजीमेंट के साथियों ने भी खूब जश्न मनाया। नीरज चोपड़ा को 2016 में नायब सूबेदार के पद पर जूनियर कमीशंड ऑफिसर के रूप में चुना गया था। इंडियन आर्मी किसी खिलाड़ी को जवान या नॉन कमीशंड ऑफिसर के पद पर भर्ती करती है, लेकिन नीरज की काबिलियत को देखते हुए उन्हें सीधे नायब सूबेदार के पद पर नियुक्त किया गया था। देश का मस्तक ऊंचा रखने में सेना का हमेशा से अभूतपूर्व योगदान रहा है। देश की सुरक्षा हो, प्राकृतिक आपदा हो या खेल, सेना ने हर जगह अपना परचम लहराया व देश को गौरवान्वित किया है। नीरज चोपड़ा से पहले 2004 एथेंस ओलिंपिक में राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शूटिंग में सिल्वर जीता था। 2012 लंदन ओलिंपिक में भी शूटर विजय कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इससे पहले टीम इवेंट में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने भी देश के लिए तीन बार मेडल जीता था। वे भी सेना से ही थे। इसके अलावा फ्लाइंग जट मिल्खा सिंह भी सेना से ही थे, लेकिन ऑलिंपिक में वे मेडल जीतने में कामयाब नहीं हो सके थे। नीरज की उपलब्धि देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल बन कर सामने आएगी और खेल के प्रति नई प्रतिभाओं का उदय होगा। भारत को अब प्रतिभाओं को तराशने में कमी नहीं करनी चाहिए। ओलंपिक गेम्स में भारत को 13 साल बाद किसी इवेंट में गोल्ड मेडल मिला है। इससे पहले, 2008 के बीजिंग ओलंपिक में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने गोल्ड जीता था। बिंद्रा ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट का गोल्ड अपने नाम किया था। यह ओलंपिक गेम्स में भारत का अब तक का 10वां गोल्ड मेडल है। भारत ने इससे पहले हॉकी में 8 और शूटिंग में 1 गोल्ड मेडल जीता है। इस तरह भारत का यह अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरा इंडिविजुअल गोल्ड मेडल भी है।

मास्क ही उपाय!

मास्क पहन कर रखना ।
ना बनना है लापरवाह ।।
टहल रही बीमारी ।
चलना मास्क राह ।।
ना केवल लटकाना ।
और सबको दिखाना ।।
है जगह निर्धारित ।
मालूम है ठिकाना ।।
स्वजनों से, खुद से ।
ना करना अन्याय ।।
बस और केवल बस ।
मास्क ही उपाय ।।
महामारी है जब तक ।
रहना सावधान ।।
लापरवाही हुई अगर ।
फिर संकट में प्राण ।।

–कृष्णेन्द्र राय

कहो तो कह दूं : न कहो "थाईलैंड के गधे" लाने के बहाने अफसर वहां की भी सैर कर आएं

अपने देश के अफसर सरकारी खर्चे पर विदेश की सैर करने के नए नए तरीके खोज ही लेते हैं, नेताओं को तो खैर विदेश की सैर करने के तरह तरह के मौके मिल ही जाते हैं तो ये अफसर भला क्यों पीछे रहें सो वे भी स्कीमें बनाकर विदेश की सैर कर आते हैं' अब देखों न "कूनो नेशनल पार्क" में "अफ्रीका के चीतों" को लाने की योजना बन गयी, और जब देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी इन चीतों को भारत लाने की अनुमति दे दी तो फिर क्या था अफसरों की तो बांछें खिल गयी ' इन चीतों के मनोविज्ञान को समझने, उसकी आदतों से परिचित होने के लिए वन मंडल अधिकारी, रेंजर, कर्मचारियों और डाक्टरों का एक दल अफ्रीका जाएगा, ये दल पूरे पच्चीस दिनों तक चीतों के बारे में अध्ययन करेगा कि चीता कैसे देखता है, कैसे बैठता है, कैसे खड़ा होता है, कब चिल्लाता है, कब सोता है, कब जागता है कब अपने प्रेमिका "चीती" को आँख मारता है, कितनी लम्बी छलांग लगाता है ऐसा तो नहीं आगामी ओलम्पिक में लम्बी कूद के लिए प्रेक्टिस कर रहा हो, जिस दिन सो कर जल्दी उठ जाता हैं तो क्यों उठ जाता है, उसे कौन कौन सी बीमारी हो सकती है, उसका इलाज कैसे होगा, उसे कोरोना तो नहीं है, वो इंडिया जाकर बोर तो नहीं हो जाएगा, वो कितना लम्बा है, कितना चौड़ा है, उसके शरीर पर कितनी धारियां हैं' आँखें कमजोर तो नहीं हैं यदि कमजोर हैं तो कौन से "नंबर का चश्मा" उसे लगेगा ' उसके रहन सहन उसकी आदतों के लिए पूरी टीम 24 घंटे उसके साथ ही रहेगी कि पता नहीं कौन से पल वो कोई ऐसा काम कर जाए जिसका अध्ययन ये टीम न कर पाए, यानि चीते के पल पल की खबर ये अफसरों की टीम लेगी और उसके बाद जब पूरी तरह से उस चीते की



"सात पुश्तों" की जानकारी और उसकी कुंडली खंगाल लेगा ये दल तो वंहा से चीते आने शुरू हो जाएंगे, अफसरों की इस टीम के अफ्रीका जाने आने ठहरने खाने पीने का पूरा खर्चा सरकार उठाएगी अपना धेला भी नहीं लगना है ' अपने को तो लगता हैं कि अभी तो अफ्रीका के चीते लाने की बात चल रही हैं कुछ दिनों बाद न कहो ये अफसर "कीनिया की बिल्ली" "थाइलैंड का गधा" "फिलिपाइन्स की मकड़ी" "इंडोनेशिया के काक्रोच" "चीन की चिड़िया" "मलेशिया की मख्खी" "नीदरलैंड के केंकड़ा, कनखजूरा, पटार का अध्ययन करने की स्कीम निकाल कर और उनके नाम पर फिर से विदेश की सैर का प्रोग्राम बना लें

सावन छोड़ो, पूरे साल ही झूले झूल रहे हैं हम

अब सावन में पहले जैसे झूले नहीं लगते , ऐसा लोग बाग कहते हैं, पहले के जमाने में जब सावन आता था तो झूलों की बहार शुरू हो जाती थी गांवों में पेड़ों पर रस्सियों के झूलों में गांव की छोरियां और छोरे जम कर झूला झूलते थे सावन में लगने वाले मेलों में भी "टेंपरेरी झूला" भी लग जाता था जिसे "हिंडोला" कहा जाता था , पर वक्त बदल रहा है पुरानी बातें अब सिर्फ बातें रह गई ,अब नया जमाना है भैया ,नए-नए झूले आ गए हैं जो दिखाई तो नहीं देते पर हमें झुला रहे हैं और अकेले सावन में नहीं बल्कि पूरे साल झूले लगे हुए और हर आदमी उन झूलों में झूल रहा है ' मसलन नेता, मंत्री आम जनता को अपने वादों का झूला झुला रहे हैं ये झूला खूब ऊपर जाता है और फिर धड़ाम से नीचे आ जाता है अर्थव्यवस्था का जो झूला है वह भी बहुत तेज झूल रहा है लेकिन ये ऊपर कम जाता है नीचे बहुत तेजी से आता है ।बेरोजगार नौजवान रोजगार पाने का झूला झूल रहे है वे इस आशा में झूले का इंतजार कर रहे हैं कि जैसे ही झूला उनकी तरफ आएगा वे उसे पकड़ कर उसमें लटक जाएंगे पर ये झूला गोदाम में बंद हो चुका है जिसके बाहर निकलने की उम्मीद कम ही है ।शेयर मार्केट का झूला तो इतनी स्पीड से ऊपर नीचे होता है कि खरीदने वाले कभी नोट कमा नहीं पाते क्योंकि यह झूला कब ऊपर चला जाए कब नीचे आ जाए भगवान भी नहीं जानता, कोरोना का झूला तो आजकल चल ही रहा है कभी इधर, कभी उधर ,ये ऊपर नीचे आड़ा तिरछा कहीं भी झूल जाता है कोई भरोसा नहीं इस झूले का, इस झूले पर पर लोग नहीं बैठते बल्कि झूला लोगों पर ही बैठा जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री ने चीन के प्रधानमंत्री को झूले में बैठा कर उन्हें झूला झुलाया था, अब वही चीन हमें झूले पर बैठाए हुए है' किसी भी शहर की सड़कों पर वाहन चलाओ तो झूले जैसा आनंद तो अपने आप आता है। सावन,छोड़ो भादों छोड़ो क्वार, कार्तिक, अगहन ,मास पूस ,,फागुन, चैत, बैसाख यानी पूरे साल जनता तो झूला झूल रही है इधर अपने प्रदेश के भाजपा विधायकों को "मामाजी" झुलाए पड़े हैं ये विधायक इस आस में हैं कि निगम मंडलों का झूला जैसे ही उनकी तरफ आएगा और वे उसे लपक लेंगे पर मामा उन्हें झूला झुलाये पड़े हैं यानी कुल मिला कर पूरा देश ,पूरा प्रदेश, पूरा शहर तरह-तरह के झूलों का आनंद उठा रहा है। उसे ना सावन की राह देखने की जरूरत है ना भादो की ,चौतरफा झूले लगे हुए हैं और लोग झूल रहे हैं बस अंतर इतना है कि झुलाने वाले चंद लोग हैं और झूलने वाले करोड़ों और वे जिंदगी भर झूलते ही रहेंगे ये भी तय हैं

सुपर हिट ऑफ द वीक

"तुम्हारी शर्ट में तो एक भी लम्बा बाल नहीं मिलता" श्रीमती जी ने श्रीमान जी से कहा

"हां तो क्या हुआ" श्रीमान जी ने पूछा

"मैं पूछती हूँ कौन हैं वो टकली" श्रीमती जी ने चिल्ला कर पूछा '।

जाति है कि आखिर जाती क्यों नहीं ?

देश की राजनीति में जातिवाद का जहर किसी से छिपा नही है। लेकिन जब यही जातिवाद का जहर खेलों और खिलाड़ियों के लिए भी शुरू हो जाए तो कई सवाल खड़े होते हैं। जब भी खिलाड़ी अपने बेहतर खेल प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाते हैं। फिर लोग उनके खेल प्रदर्शन की चर्चा न करके उनकी जातियां जानने में दिलचस्पी लेते है। सोचिए यह कितने दुर्भाग्य की बात है। जब खिलाड़ी आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे होते है तब कोई उनकी जाति नहीं पूछता। उनका मजहब नहीं जानना चाहता और न ही कोई दल उनकी सुध लेता है, लेकिन जैसे ही कोई खिलाड़ी पदक जीतता है। फिर खिलाड़ी को जाति-धर्म के साँचे में बंटाने की फितरत जन्म ले लेती है। अब जरा सोचिए कि क्या हमारा देश ऐसे ही विश्वगुरू बनेगा? क्या जातियों में बांटकर हम खेलों में शीर्ष पर पहुँच पाएंगे? आखिर यह जाति है कि जाती क्यों नहीं? वैसे तो हम नारा बुलंद करते हैं संप्रभु भारत का। फिर आखिर बीच में जाति-धर्म और राज्य कहाँ से आ जाता है? चक दे इंडिया एक फिल्म आई थी। जिसमें एक खूबसूरत डायलॉग है कि, " मुझे स्टेट के नाम न सुनाई देते हैं, न दिखाई देते हैं। सिर्फ एक मुल्क का नाम सुनाई देता है-इंडिया।" फिर सवाल यहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसा नेता कैसे खिलाड़ियों को राज्यों में बांट सकते है? ऐसे नेताओं से सिर्फ यही सवाल है कि क्या इन खिलाड़ियों की विदेशों में पहचान उनके राज्य से होती है नहीं न। फिर ऐसी औछी मानसकिता क्यों?

खिलाड़ी हमारे राष्ट्र का गौरव है, पर दुर्भाग्य देखिए कि आज उन्हें भी जाति धर्म मे बांटने की औछी राजनीति की जा रही है। हाल के कुछ सालों में सियासत ने खेलों में भी जातियों की घुसपैठ करा दी है जो कि बेहद ही खतरनाक है। खेलों को जातियों के चश्मे से देखने की कोशिश देश में की जाने लगी है। जिन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए। आर्थिक, मानसिक तौर पर सहायता की जाना चाहिए तब कोई सरकार या कोई जाति धर्म वर्ग विशेष के लोग आगे आकर सहायता भले न करे। लेकिन जब वही खिलाड़ी कोई मेडल जीत ले तो लोगों को उन खिलाड़ियों में जाति धर्म नजर आने लगता है। बात चाहे हिमादास की हो या फिर दीपिका कुमारी या पीवी सिंधू की। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने बेहतर खेल प्रदर्शन से देश का मान सम्मान बढ़ाया। लेकिन दुर्भाग्य देखिए हमारे अपने देश के लोगों को इनके खेल से ज्यादा इनकी जाति जानने में दिलचस्पी है। पीवी सिंधू ने हाल ही में ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर देश को गौरवांवित किया। लोगो को उनकी मेहनत, उनका समर्पण नही नज? आया बल्कि लोग यह जानने में लगे है कि वह किस जाति से है। हाल ही में गूगल द्वारा जारी किए गए डेटा से पता चला है कि लोग पीवी सिंधू के खेल से कही ज्यादा उनकी जाति सर्च करने में लगे हुए हैं। यह किसी एक खिलाड़ी के साथ नहीं हुआ है। जब दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और कई स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत के बाद दीपिका की जाति को लेकर भी सोशल मीडिया में जिस तरह के पोस्ट आए वह भी शर्मसार करने वाले थे। देश में बहस छिड़ गई थी। हर किसी को उन्हें अपनी जाति का बताने की होड़ लगी थी। किसी ने उनके नाम के साथ 'महतो' जोड़ा तो किसी ने 'मल्लाह'। क्या खिलाड़ियों का महिमामंडन इस तरह से किया जाना सही है।

यह सवाल व्यक्ति को स्वयं पूछना चाहिए। खिलाड़ी सिर्फ खिलाड़ी होता है वह अपनी मेहनत, अपने खेल के दम पर देश का मान बढ़ाता है। क्या खिलाड़ियों की कोई जाति होती है। हमारे लिए तो देश का गौरव बढ़ाने वाले हर खिलाड़ी जाति-धर्म से ऊपर होता है। फिर क्यों इस तरह की औछी राजनीति का विष खेलों में घोला जा रहा है। खिलाडियों को खिलाड़ी ही रहने दिया जाए, वरना जाति और धर्म के बंधन में बंधकर तो देश का विकास अवरुद्ध हो गया, फिर खेल का विकास क्या हो पाएगा? बात भारतीय एथलीट हिमा दास की ही करे। तो अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के बाद हिमा दास चर्चा में थी और चर्चा भी इस बात को लेकर की वह किस जाति से आती है। हमारे ही देश का एक बड़ा तबका उनकी जाति जानने में लगा हुआ था। गूगल पर उनका नाम लिखने मात्र से ही सबसे पहला सुझाव उनकी जाति के बारे में ही आता था। कभी किसी ने यह जानने की कोशिश भले न कि हो कि वह किन अभावों में बड़ी हुई।

एक नजर इधर भी, शिव-पार्वती के पुनर्मिलन की वर्षगांठ है हरियाली तीज

प्रखर जखनियां गाजीपुर। (गौरीशंकर पाण्डेय सरस) पवित्र चातुर्मास में सुमार श्रावण का महीना, श्रावण महीने का शुक्लपक्ष, शुक्लपक्ष में पड़ने वाले पर्व,पर्वों में हरियाली तीज अपने आप में अद्भुत और अविस्मरणीय है। इस दिन सुहागिनें अपने पति के दीघार्यु के लिए तथा अविवाहित लड़कियां मनोवांछित वर प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं।साथ ही आस्था और विश्वास के साथ महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। हरियाली तीज का लोक पर्व अपने आप में अद्वितीय तथा शिव पार्वती के पुनर्मिलन वर्षगांठ के रूप में अद्भुत एवं अनुकरणीय हो जाता है। पौराणिक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वर्ष भर पूजा नहीं करने वाले भी अगर

पावन श्रावण मास में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करते हैं तो भी वह वर्ष भर सुखद जीवन जीने का शुभ शिवाशीष फल प्राप्त कर लेते हैं ।कहा जाता है की इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था। किशोरियां,नव विवाहित स्त्रियां पर्व को मनाने के लिए हाथों और पावों में कलात्मकता मेहंदी रचाती हैं। हरी-हरी चुड़ियों के साथ मनपसंद साड़ी और आभूषणों से सुसज्जित होकर सखी सहेलियों के संग सायंकाल नदियों अथवा सरोवरों के पास के बागीचे में झूला झूलते हुए हरियाली तीज के गीत गाती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शंकर को पति रूप में वरण करने के लिए माता पार्वती ने अनेकों जन्म लेकर कठिन तप साधना भी की थीं। जिससे प्रसन्न होकर माता पार्वती को भगवान शंकर ने पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि होने के चलते उक्त तिथि और महत्वपूर्ण हो जाती है। मान्यता है कि तभी से हरियाली तीज का त्योहार प्रचलन में आया। जो सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे श्रावणी तीज अथवा हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाता है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में स्वयं का बलिदान देने वाले युवा क्रांतिकारी - खुदीराम बोस

खुदीराम बोस ! भारत के सबसे युवा क्रांतिकारी के रूप में जाने जाते हैं। 11 अगस्त का दिन खुदीराम बोस के बलिदान दिन के रूप में मनाया जाता है जिन्होंने भारत पर अत्याचारी शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर पहला बम गिराया था। पाठशाला के जीवन में वंदे मातरम इस मंत्र के प्रभाव से उन्होंने भारत भूमि के स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। 11 अगस्त 1908 को, 18 वर्ष की अल्पायु में, खुदीराम बोस ने अपने हाथों में भगवद्गीता लेकर फांसी का फंदा लगा लिया।

खुदीराम बोस ने सशस्त्र क्रांति का मार्ग अपनाया

1903 का समय था ! ब्रिटिश सरकार ने बंगाल प्रांत को विभाजित करने का निर्णय लिया। इससे आम लोगों में भारी नाराजगी निर्माण हुई । खुदीराम ने बंगाल के विभाजन के निर्णय को भी अन्यायपूर्ण पाया। यह महसूस करते हुए कि उन्हें देश के लिए कुछ करना है, उन्होंने मेदिनीपुर में एक छोटी शिक्षा के बाद एक सशस्त्र क्रांति की शुरूआत की। सरकार के विरोध में प्रदर्शनकारियों को पकड़ कर उन्हें कड़ी सजा देना शुरू हुआ था ।

देशद्रोह के आरोप से बरी होना

फरवरी 1906 में मिदनापुर में एक औद्योगिक और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी देखने के लिए आसपास के प्रांतों के सैकड़ों लोग उमड़ पड़े। खुदीराम ने बंगाल के एक क्रांतिकारी सत्येंद्रनाथ द्वारा लिखित एक चरमपंथी पत्रक सोनार बांग्ला की प्रतियां वितरित कीं। पुलिसकर्मी उन्हें पकड़ने दौड़े। खुदीराम ने सिपाही के चेहरे पर मुक्का मारा और बचे हुए पत्रक

बगल में दबा कर वह भाग निकले। इस मामले में सरकार ने उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया; लेकिन खुदीराम बाल-बाल बच गए।

जज किंग्सफोर्ड की हत्या के प्रदर्शन के लिए चुने जाना

मिदनापुर में युगांतर नामक क्रांतिकारियों के एक गुप्त संगठन के माध्यम से खुदीराम को क्रांतिकारी कार्य में शामिल किया गया था। 1905 में लॉर्ड कर्जन ने बंगाल का विभाजन किया। विभाजन का विरोध करने वाले कई लोगों को तत्कालीन कलकत्ता मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड ने बेरहमी से सजा सुनाई थी। अन्य मामलों में भी, उन्होंने क्रांतिकारियों को सताया। इस समय के आसपास, उन्हें किंग्सफोर्ड में पदोन्नत किया गया और सत्र न्यायाधीश के रूप में मुजफ्फरपुर में शामिल हो गए। अंत में, युगांतर समिति की एक गुप्त बैठक में किंग्सफोर्ड को मारने का निर्णय लिया गया। इसके लिए खुदीराम और प्रफुल्ल कुमार चाकी को चुना गया था। खुदीराम को एक बम और एक पिस्तौल दी गई। प्रफुल्ल कुमार को भी एक पिस्तौल दी गई। मुजफ्फरपुर पहुंचने पर दोनों ने किंग्सफोर्ड के बंगले में गश्त की। उन्होंने उसका चौपहिया और उसके घोड़े का रंग देखा। खुदीराम भी उनके ऑफिस गए और उन्हें देखा।

30 अप्रैल, 1908 को, दोनों नियोजित प्रदर्शन के लिए निकल पड़े और किंग्सफोर्ड के बंगले के बाहर घोड़े से खींची गई गाड़ी में उनके आने का इंतजार करने लगे। उन्हें दो गुप्त परिचारकों द्वारा रोका गया जो बंगले पर गश्त पर थे; लेकिन उन्हें सही जवाब देते हुए वे वहीं रुक गए।

भारत में पहला बम फेंकने का सम्मान पाना

रात करीब साढ़े आठ बजे खुदीराम ने कार के पीछे दौड़ना शुरू किया जब उन्होंने क्लब से आ रही किंग्सफोर्ड कार जैसी कार देखी। सड़क पर बहुत अंधेरा था। जैसे ही कार किंग्सफोर्ड बंगले के पास पहुंची, उन्होंने दोनों हाथों से बम उठाया और अंधेरे में अगले चार पहिया वाहन से जा टकराया। भारत में हुए इस पहले बम विस्फोट की आवाज उस रात तीन मील तक सुनी गई और कुछ ही दिनों में इसकी आवाज इंग्लैंड और यूरोप में सुनाई देने लगी। खुदीराम ने किंग्सफोर्ड की कार पर बम गिराया था; लेकिन वह बच गया क्योंकि उसने उस दिन थोड़ी देर से क्लब छोड़ा था। संयोग से, कार दुर्घटना में दो यूरोपीय महिलाओं की जान चली गई। रात में खुदीराम और प्रफुल्ल कुमार दोनों नंगे पांव दौड़कर 24 मील दूर वैनी रेलवे स्टेशन पहुंचे।

साहस और प्रसन्नता के साथ फांसी चढ जाना

अगले दिन जब पुलिस शक के आधार पर प्रफुल्ल कुमार चाकी को गिरफ्तार करने गई तो उसने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने खुदीराम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी का अंत निश्चित था। 11 अगस्त 1908 को खुदीराम हाथ में भगवद्गीता लेकर साहस और हर्षोल्लास के साथ फांसी पर चढ़ गए। किंग्सफोर्ड ने डर के कारण अपनी नौकरी छोड़ दी और जल्द ही क्रांतिकारियों के डर से उनकी मृत्यु हो गई, जिन्हें उन्होंने सताया, उनके नाम का कोई निशान नहीं रह गया।

मौत के बाद भी खुदीराम अमर हो गए !!

काकोरी की घटना ने आजादी के दीवानों में जोश व क्रांतिकारी जज्बा पैदा करने का कार्य किया: उपजिलाधिकारी नौतनवा

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। देश की आजादी के आंदोलन में लखनऊ की काकोरी घटना ने बड़ी भूमिका अदा की इस क्रांतिकारी घटना की 96वी वर्षगांठ पर आज पूरे प्रदेश में "आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव, देश के बीर शहीद सपूतों को नमन कर मनाया गया।नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने नगर के शहीद स्मारक पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नौतनवा रामसजीवन मौर्य शहीद पूरन बहादुर थापा के भाई अशोक थापा तथा अन्य अतिथियों द्वारा अमर ज्योति जलाने के साथ हुआ तत्पश्चात नगर के सपूत कारगिल शहीद पूरन बहादुर थापा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।कार्यक्रम की समाप्ति पर देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने वाले सेनानियों व बलिदानी शहीदों के स्वजन को

सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश व्यायड ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने सबोधन मे कहा कि "काकोरी की घटना ने आजादी के दीवानों में जोश व क्रांतिकारी जज्बा पैदा करने का कार्य किया। क्षेत्राधिकारी नौतनवा कोमल प्रसाद मिश्र ने कहा कि "काकोरी की घटना ने अंग्रेजो को काफी परेशान किया और यह साबित किया कि क्रांतिकारी उनसे लोहा लेने के लिए हर तरीके अपना सकते हैं।पालिका अध्यक्ष ने कहा कि "काकोरी कांड के लिए जिन 10 क्रांतिकारियों को याद किया जाता हैं उनमें से इस कांड के लिए कुछ को बाद में फांसी तक दी गयी उसके बाद भी अंग्रेज हिंदुस्तानी क्रांतिकारियों के दिलो से आजादी की ज्वाला बुझा नही पाए। अधिशासी अधिकारी बीरेन्द्र कुमार राव ने बताया कि "आज के युवाओं को देश की आजादी के दीवानों से सिख लेने की जरूरत इस अवसर पर तहसीलदार नौतनवा रामानन्द त्रिपाठी, थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,देश के पूर्व सेनानी हरि बहादुर गुरुंग, तूल बहादुर थापा,मनोज थापा, चौकी प्रभारी छपवा गौरव यादव,शाहनवाज खान, प्रमोद पाठक, राजकुमार गौड़, रईस कुरैशी, खुर्शेद आलम, अनुज राय, लेखपाल कृष्ण मोहन, यन0सी0सी0 कैडेट्स,मीडिया के लोग व आमजन उपस्थित रहे।

कांग्रेस केन्द्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों का विरोध करती रहेगी- प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

प्रखर संतकबीरनगर। देश व प्रदेश सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं। मोदी व योगी शासनकाल में आज जनता मंहगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। इस सरकार में महिला उत्पीड़न बढ़ा है। उक्त बातें मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने खलीलाबाद विधानसभा स्तरीय पैदल मार्च का नेतृत्व करने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल, रसोई गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं। आम आदमी की कमर मंहगाई ने तोड़ दी है लेकिन अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता हासिल कर लोगों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा किया जा रहा था आज ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें बदहाली की शिकार हैं। सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं सिर्फ कागजों में हैं। हम कांग्रेस जन इस निकम्मी सरकार को उखाड़फेंकने तक संघर्ष करते रहेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक अफसर यू अहमद, जिला उपाध्यक्ष मुहम्मद नजीर, दिलशाद अफसर, विजय कुमार शुक्ला, अजय सिंह, भुवनेश्वर भारती, सुनील कुमार पाण्डेय, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सचिव अमित कुमार राय, सोशल मीडिया विभाग जिलाध्यक्ष मुहम्मद परवेज अख्तर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मीनू सिंह, नमन सिंह, चमन सिंह, बिट्टू सिंह, मुहम्मद कलीम, शफीकुर्रहमान, सलमान अहमद, मुहम्मद असलम, इश्तियाक अहमद, शाह आलम, ओबैदुर्रहमान, अजय सिंह, रमेश पाण्डेय आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसी क्रम में धनघटा विधानसभा के कांग्रेस जनों ने जिला उपाध्यक्ष शान्ति देवी व इ. अमित कुमार कन्नौजिया के नेतृत्व में पैदल मार्च किया। इस दौरान योगेंद्र कुमार, मायाराम, ब्लॉक अध्यक्ष लालजी, ब्लॉक अध्यक्ष जुगल प्रसाद, नाथनगर आजाद गौतम, रामचरित चौहान, अप्रवल चौहान, अफ्फान खान, संतोष यादव, अर्पण श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

घर-घर जनसंपर्क किया विधायक ने जनसमस्याओं की जानकारी ली

प्रखर रामनगर वाराणसी। विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने आज रामनगर के कुतलूपुर वार्ड नंबर 7 में घर-घर जनसंपर्क किया। विधायक ने जनसमस्याओं की जानकारी ली और समाधान के लिए अधिशासी अधिकारी, रामनगर को निर्देशित किया, मुख्य रूप से साथ थे महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता, सभासद अशोक जायसवाल, संतोष द्विवेदी, अमित सिंह चिंटू, हंसराज यादव, अंकित मौर्य, मलाई यादव, दारा सिंह, ओम प्रकाश मौर्य, भारत मौर्य, छोटे लाल मौर्य, रामअवतार व अन्य।

समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कार्यकताओं से की मुलाकात जन समस्याओ पर चर्चा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पार्टी के नेताओं एवम कार्यकताओं से मुलाकात की वाराणसी की जन समस्याओं पर चर्चा की एवं कोविड-19 से हुई पार्टी नेता कार्यकताओं की मृत्यु पर शोकाकुल परिवार से घर जाकर मुलाकात करते यह आश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी सुख दुख में सब के साथ खड़ी है`काशी विद्यापीठ छात्र संघ महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने से पूर्व मैदागिन चौराहे पर हारुन अंसारी मुख्य सचेतक सपा पार्षद दल,अब्दुल कलाम कुरेशी यूथ ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से हारुन अंसारी मुख्य सचेतक सपा पार्षद दल, अब्दुल कलाम कुरेशी यूथ ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष, आलोक यादव यूथ ब्रिगेड महानगर महासचिव, गुफरान कुरेशी, शादाब अहमद, आशुतोष गुप्ता, मनोज सोनकर, अजय बिंद, सनी आलम अभिषेक यादव मनीष राणा शादाब अहमद अभिषेक केसरी गौतम यादव गौतम पटेल गोलू तिवारी शुभम जयसवाल आशु गुप्ता विनय तिवारी नसीब खान आफताब शेख अशफाक शेख सहित इत्यादि लोग शामिल थे।

पुलिस ने चोरी का माल किया बरामद

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी के अंतर्गत सम्बल ब्रह्म मंदिर के प्रांगण मे हुई उच्चकगिरि में घटना का अनावरण क्षेत्राधिकारी शुभम तोड़ी के पर्यवेक्षण में किया गया क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वांक्षित महिला अभियुक्ता सुनीता पत्नी राजू निवासी हीरावनपुर थाना सिन्धोरा वाराणसी की है जिसके पास से एक पीली धातु की चैन व एक मंगलसूत्र को बरामद किया गया है उक्त महिला के खिलाफ 241/21 धारा 379/411 भादवि थाना केराकत पर पंजीकृत करके जेल भेजा जा रहा है. गिरफ्तार करने वाली टीम मे थाना केराकत के प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणीलाल सेन उपनिरीक्षक संतोष यादव हे. का. शेषनाथ सिंह , सुजीत सिंह महिला कांस्टेबल बिना मिश्रा उपस्थित थी।

शैलेश पांडेय बने किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

प्रखर पिंडरा वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा काशी क्षेत्र का उपाध्यक्ष शैलेश पांडेय को बनाये जाने कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की। विदित हो पिंडरा के बेलवा गांव के एक सामान्य किसान परिवार में जन्मे शैलेश बूथ अध्यक्ष से भाजपा की राजीनीति शुरूआत करने वाले ऐसे कार्यकर्ता थे , जो भाजयुमो के संगठन में पदाधिकारी के किसान मोर्चा में प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व निभाया। काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर विधायक डॉ अवधेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ जेपी दुबे, पवन सिंह, मण्डल अध्यक्ष मनीष पाठक, रवि सिंह, अभिषेक राजपूत, अजय ऊदल , अतुल रावत व ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल चौबे ने कहा इससे संगठन में और मजबूती मिलेगी।

सब्जी की दुकान से उचक्का पैसा लेकर भागा

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर पालिका कार्यालय के पास स्थित अहरौरा नगर पुलिस चौकी के दक्षिण तरफ स्थित एक सब्जी की दुकान से सोमवार को सब्जी लेने आया एक व्यक्ति दुकान के गल्ले में रखा 6 हजार रुपए लेकर रफूचक्कर हो गया दुकानदार को पता चला तो काफी खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चल पाया । दुकानदार अजय मौर्या ने बताया कि उसकी सब्जी की दुकान पर एक युवक सब्जी लेने के लिए आया और लगभग डेढ़ किलो परवल और लौकी तौलवा कर रखा इसके बाद टमाटर मांग रहा था मैं टमाटर दुकान में से उठा रहा था उसको देने के लिए इसी बीच में मौका देख कर गले में रखा छ हजार रुपए लेकर भाग गया और अपनी सब्जी वहीं छोड़ दिया । उसके गायब होने पर जब अजय ने अपना गला खोल कर देखा तो पाया कि उसमें से पैसे गायब है इस पर उसके होश उड़ गए और उसने आसपास काफी खोजबीन किया लेकिन उचक्के का पता नहीं चल पाया । घटना की जानकारी अजय मौर्या द्वारा पुलिस को दे दी गई है ।

इंडियन बैंक का सर्वर फेल होने से लेनदेन प्रभावित

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर पालिका क्षेत्र के सत्यान गंज मोहल्ले में स्थित इंडियन बैंक का सर्वर फेल होने से मंगलवार को दिन भर लेन देन नहीं हो पाया जिसके कारण दूर-दूर से बैंक में आए उपभोक्ता काफी परेशान दिखे । इंडियन बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि उनके यहां बीएसएनल के कनेक्शन से नेटवर्क चलता है और बीएसएनल की व्यवस्था इस समय भगवान भरोसे चल रही है । जिसके कारण आए दिन बैंक का नेटवर्क गायब रहता है । और सरवर गायब रहने से लेन देन का कार्य प्रभावित होता है और उपभोक्ता परेशान रहते हैं । मंगलवार को सुबह सहुवाइन पोखरा के पास बीएसएनल का केबल फाल्ट हो जाने के कारण इंडियन बैंक में सुबह से ही नेटवर्क नहीं रहा जिसके कारण सर्वर फेल रहा दिनभर बैंक के कर्मचारी फाल्ट केबिल को ठीक करवाने के लिए परेशान रहे।

झूठी सरकार को उखाड़ फेंके जनता -अजय राय

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तीन दिवसीय पद यात्रा के क्रम में मंगलवार को पिंडरा विस् क्षेत्र के सिंधोरा स्थित श्रीराम बाबा इंटर कालेज से पूर्व विधायक अजय राय के नेतृत्व में निकली। जो सिंधोरा पुरानी बाजार होते हुए चौराहे पर जाकर समाप्त हुई। पद यात्रा में कांग्रेसियों ने भाजपा गद्दी छोड़ो के नारे लगाए। वही सिंधोरा स्थित खादी आश्रम के पास आयोजित सभा के दौरान पूर्व विधायक ने कहाकि भाजपा की सरकार में खाद बीज और पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम से आम जनता त्रस्त है उद्योगपति मस्त है। यह सरकार धनाढयों की सरकार है। उन्ही के इशारे पर हर क्षेत्र को निजीकरण कर दिया जा रहा है। आज एक भी क्षेत्र ऐसा नही है जहाँ निजीकरण न हुआ है। बिजली को पूरी तरह निजी क्षेत्र को सौप दिया गया है। उन्होंने जनता व्यापारियों से आह्वान किया कि ऐसी जूठी सरकार को जड़ से उखाड़ कर फेंक दे जो बोले कुछ करे कुछ। सायंकाल में निकली पदयात्रा में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, अनुराधा,

रामसनेही पांडेय, राजीव कुमार,सुरेन्द्र सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, विघ्नेश्वरानंद उपाध्याय, शशिकांत मिश्रा, राजेश गुप्ता, सौरभ सिंह, अंजनी पांडेय, विवेक सिंह रिंकू, राधिका राजभर, जवाहिर राजभर व राकेश कन्नौजिया समेत सैकड़ो कांग्रेसी महिला पुरुष पदयात्रा में शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाना का किया गया वार्षिक निरीक्षण

प्रखर सन्तकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा मगलवार को महिला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक को महिला गार्द द्वारा सलामी दी गई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर ,कोविड-19 केयर हेल्प डेस्क ,बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर ,कम्प्यूटर कक्ष, बन्दी गृह,महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया। महिला थाना परिसर के साफ-सफाई तथा थाना अंतर्गत अंतर्गत बने टाइप 2, टाइप 3 आवास, बैरक, स्नानागार,इत्यादि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ0 शानिली सिंह को निर्देशित किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर का हुआ जगह जगह भव्य स्वागत

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर।भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर का मंगलवार को प्रथम बार मंडल जखनियाँ द्वितीय में आगमन होने पर ओड़राई, बड़ागांव,दुल्लहपुर त्रिमुहानी आदि स्थानों पर स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र के साथ माल्यार्पण करके स्थानीय कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया।अपने स्वागत समारोह से प्रसन्न होकर प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेश राजभर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज और देश के लिए निरंतर विकास का कार्य कर रही है।तथा हर जाति के लोगों का पार्टी में उचित स्थान देने का ख्याल रख रही है। तथा सभी के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी सदैव प्रयत्नशील है। तथा उनके हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं समय-समय पर लागू करती रहती है।और विकास के बारे में सदैव चिंतित रहती है।भारतीय जनता पार्टी का अपना

एक लक्ष्य है सबका साथ-सबका विकास ।

स्वागत समारोह कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज यादव,लालबहादुर चौहान,चंदन राजभर,राजेश शर्मा,सोनू चौहान,मंजीत मद्धेशिया,जीयावन चौहान, रामप्रवेश चौहान,राजू राजभर, जितेंद्र राजभर,पतई गुप्ता,लालमुनी राम,दुर्ग विजय शर्मा,रामकेर चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

कोरोना काल में योद्धा की तरह लड़े नमामि गंगे टीम के सदस्य

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कोरोना की पहली लहर हो या दूसरी जान जोखिम में डालकर नमामि गंगे के सदस्यों ने जी जान लगाकर काशीवासियों के लिए सेवा की । 15 मार्च 2020 से अब तक वाराणसी के घाटों पर लाउडस्पीकर द्वारा नाव से या फिर पैदल घाट - घाट जाकर कोरोना महामारी से बचाव की जानकारी दी गई । लॉकडाउन लगने पर स्वयं वाराणसी के पुलिस प्रशासन द्वारा नमामि गंगे के संयोजक राजेश शुक्ला से यह निवेदन किया गया था कि आप गंगा घाटों पर लोगों को जागरूक करें । सुबह शाम घाटों पर उमड़ती भीड़ को कोरोना से बचाव की जानकारी देकर नमामि गंगे ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य परायणता का परिचय दिया है । वर्तमान में भी नमामि गंगे टीम यह कार्य पूरी शिद्दत से कर रही है । कोरोना महामारी के दौरान जब लोग गंदगी से बचाव करते रहे नमामि गंगे के सदस्य गंगा घाटों पर जाकर जागरूकता के साथ ही गंगा तलहटी की सफाई भी करते रहे । अपने हाथों से गंगा में की गई गंदगी को बाहर निकाला। हजारों मास्क का वितरण किया गया । टीकाकरण ज्यादा से ज्यादा हो निरंतर नमामि गंगे टीम के सदस्य नागरिकों के

समक्ष उपस्थित होकर समझा रहे हैं । जरूरतमंदों को समय-समय पर आर्थिक या फिर राशन की सुविधा भी टीम के सदस्यों ने निरंतर प्रदान की है । गंगा तट पर निषाद, पुरोहित वर्ग, दुकानदार इत्यादि मां गंगा से आजीविका चलाने वाले लोगों की कुशल क्षेम पूछकर उनको पर्याप्त सहायता भी निरंतर जारी है । संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि हम लोगों ने स्वयं ही आगे बढ़ कर स्वयं के तन मन धन से मानवता की सेवा की है । हमारी टीम ने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रयास किया है आगे भी ऐसा ही भाव बनाए रखने की मां गंगा से कामना है । टीम के सदस्यों में प्रमुख रूप से शिवदत्त द्विवेदी, शिवम अग्रहरी, रामप्रकाश जायसवाल, सीमा चौधरी , सत्यम जायसवाल, प्रीति जायसवाल, रश्मि साहू, सारिका अग्रहरी, मोनिका अग्रहरी , विकास तिवारी, पुष्पलता वर्मा, सोनू, रंजीता गुप्ता, भावना गुप्ता आदि दर्जनों स्वयं सेवकों ने अपना सराहनीय योगदान दिया है ।

इफको संस्था द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में किसान सभा का आयोजन किया गया

प्रखर सेमरियावां संतकबीरनगर। किसानों की अपनी संस्था इफको द्वारा ग्राम काठगंगा (इफको ग्राम) विकाशखण्ड सेमरियावां जनपद सन्त कबीर नगर में इफको संस्था द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में किसान सभा का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी श्री पी0 सी0 विश्वकर्मा एव प्रगतिशील किसान श्री सुरेंद्र राय एव श्री विजेंद्र चौधरी जी रहे। सभा में लगभग 70 किसानों ने प्रतिभाग किया । जिला कृषि अधिकारी श्री पी0 सी0 विश्वकर्मा जी द्वारा इफको के आधुनिक तरल नैनो उर्वरक के बारे के विस्तार से बताया और किसानों को निःशुल्क नैनो यूरिया , सब्जी के बीजों का वितरण किया, तथा इसके उपयोग करने की सलाह भी दी और बताया कि इफको का नैनो यूरिया तरल बहुउपयोगी है । किसान भाई प्रयोग करके अपनी फसल उत्पादन की लागत को कम करके अधिक लाभ प्राप्त करेंगे ।

देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र खतरे में है:फैसल हसन तबरेज

प्रखर केराकत जौनपुर। मोदी सरकार देश के संविधान पर हमला कर लोकतंत्र का गला घोट रही है संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त कर देश को पूंजीपतियों के हाथ में सौंप देना चाह रही है उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने अगस्त क्रांति के अवसर

पर पद यात्रा को संबोधित करते हुए कहा। कांग्रेस पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष केराकत लालता चौधरी के नेतृत्व में केराकत सिहौली चौराहा स्थित मण्डल कार्यालय से होते हुए केराकत नगर के नरहन राम लीला स्टेज से होते हुवे कोतवाली चौराहे से पैदल मार्च भाजपा गद्दी छोड़ो पद यात्रा निकाली गई। जो केराकत कोतवाली चौराहे पर पहुँचकर समाप्त हुई। मण्डल कांग्रेस कार्यालय पर मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने कहा कि मोदी सरकार में देश की स्वतंत्रता और लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। सरकार द्वारा किसानों, छात्रों, बेरोजगारों, व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस जिला सचिव डॉक्टर सन्तोष गिरी ने योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध, गुंडागर्दी, बलात्कार, डकैती चरम पर है। योगी सरकार प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में विफल हो गयी है। यह सरकार अपराधियों का महिमामंडन कर रही है। पैदल मार्च में कांग्रेसियों ने सरकार के विरोध में जबरदस्त नारे लगाते रहे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सूरज सिंह राजपूत, राजा सूर्यबली, सुभाष सिंह,अतीक अहमद, नरेंद्र प्रताप जानें आलम खाँन, ताज खाँन, मुकीम हाश्मी, खुर्शीद आलम खाँन, दीपक साहू,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष आजाद कुरैशी नें किया।

मंहगाई भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा भाजपा गद्दी छोड़ो मार्च निकाला गया। दिन मंगलवार कांग्रेस की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के निर्देश पर 9 व 10 अगस्त को क्रांति दिवस के रूप में कांग्रेसियों ने मनाते हुए प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में प्रदेश व्यापी भाजपा गद्दी छोड़ो आंदोलन के क्रम में मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के दौरान नगर में प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अशोक उपाध्याय प्रभारी सचिव रणजीत बिल्डर के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष राजेश सैनी की अध्यक्षता में कांग्रेस जनों ने नगर के विभिन्न मार्गो से उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया जुलूस समाप्ति के पश्चात पीपीसी सदस्य आनंद गुप्ता के आवास पर उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ने 8 अगस्त 1942 को राष्ट्रपति महात्मा गांधी

जी के नीति मुंबई में आयोजित अधिवेशन में महात्मा गांधी जी द्वारा पूर्ण स्वराज की मांग पर अंग्रेजी हुकूमत ने सिर्फ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया था नेतृत्व विहीनदेश की जनता ने 9 अगस्त को सूर्योदय से पूर्व कांग्रेसी भारत छोड़ो का नारा बुलंद करते हुए सड़क पर उतर गए थे अंततः आंदोलनकारियों के आगे अंग्रेजी हुकूमत घुटने टेकने पर मजबूर हुई थी वही पीसीसी सदस्य आनंद गुप्ता ने कहा कि 2014 चुनाव पूर्वदेशवासियों को महंगाई बेरोजगारी महिला उत्पीड़न जैसी समस्याओं से निजात दिलाने का वादा करने वाले जो देश के बड़बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नारा कोरा साबित हुआ है आज देश में प्रदेश के चारों तरफ अराजकता का माहौल है सभा को नगर अध्यक्ष राजेश साहनी ने भी संबोधित कियाकांग्रेस में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष डा शंकर पांडे जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रमेशसचिव, बृजेश द्विवेदी किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश्वर पांडे, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजू अग्रहरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पांडे, राजेश मिश्र, लवकुश अशोक साहनी, सभासद उमा शंकर प्रजापति इरशाद आलम, सुधीर उपाध्याय, तुलसीदास, आदि लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने मनाया पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी का जन्म दिवस

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर । नगर स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी आनंद गुप्ता के आवास पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मड़िहान विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक पंडित ललितेश पति त्रिपाठी का जन्म दिवस कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया तत्पश्चात कार्यकताओं ने उनके चित्र के समक्ष केक रखकर अपने नेता को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए केक काटकर बधाई दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग पर ही पंडित ललितेश पति त्रिपाठी ने कार्यकताओं को बधाई दी एवं आने वाले चुनाव में पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ पार्टी के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। उपस्थित रहने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ शंकर पांडे, महामंत्री रमेश, सचिव बृजेश द्विवेदी,किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश्वर पांडे, आनंद

गुप्ता, युवक कांग्रेस के जिला जिलाध्यक्ष पूर्वी जोन रानू अग्रहरि, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू अग्रहरी, कांग्रेस वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पांडे, राजेश मिश्र, लव कुश, अशोक साहनी, राजेश साहनी, उमा शंकर प्रजापति,सुधीर उपाध्याय, तुलसीदास समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनता का पैगाम लेकर दिल्ली पहुंचे भाजपा नेता राकेश जायसवाल ने कहा खुशखबरी लेकर आउंगा

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। नगर पंचायत बृजमनगंज के पूर्व चेयरमैन सहकारी समिति शाहाबाद बृजमनगंज व बीजेपी वरिष्ठ कार्यकर्ता राकेश जायसवाल के द्वारा नगर पंचायत की वर्षों से चली आ रही जनसमस्याओं को लेकर शानदार और सराहनीय पहल करते हुए उन्होंने भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व महराजगंज सांसद पंकज चौधरी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात कर अवगत कराते हुए पत्रांक सौंपा।उन्होंने पत्रांक के माध्यम से नगर पंचायत बृजमनगंज की बड़ी जनसमस्या एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव जिसमे इंटरसिटी ट्रेन न.050690 अप, 05070 डाउन, गोमती एक्सप्रेस ट्रेन न 05009 अप, 05010 डाउन, हमसफर ट्रेन न.02571 अप,02572 डाउन व पनवेल के बृजमनगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव, रिजर्वेशन काउंटर खोलने, स्टेशन पर पानी पीने की व्यवस्था को ठीक कराने की बात की ।बताते चलें कि महराजगंज जिले के सांसद पंकज चौधरी को वित्त राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर सबसे पहले प्रखर पूर्वांचल मीडिया ने ऐक्सप्रेस ट्रेन ठहराव तथा रोडवेज बस चलाने के लिए खबर के माध्यम से सांसद से आग्रह किया था।उसके उपरांत यहां के जनप्रतिनिधियों ने पहल करते हुए रेलवे को सौंपा ज्ञापन और वित्त राज्य मंत्री से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करा पत्रांक सौंपा। अंग्रेजों के जमाने का श्रीनगर ताल का सुंदरीकरण कराने व व्यवसाय हेतु प्रोजेक्ट लगायें जाये। रामलीला पड़ाव का सुंदरीकरण कराया जाए तथा उल्ठ हॉस्पिटल जाने हेतु रेलवे समपार फाटक 38 जो बंद है वहां पर अंडरपास बनाया जाए और महाराजगंज व गोरखपुर जाने के लिए रोडवेज बसों का संचालन कराया जाए। राकेश जायसवाल ने बृजमनगंज की जन समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि नेपाल बार्डर से महज 40 किलोमीटर पर स्थित बृजमनगंज रेलवे स्टेशन हैं जो सिद्धार्थ नगर जिले को जोडता हैं यह स्टेशन गोरखपुर तथा संतकबीरनगर मुख्य मार्ग से भी जुड़ा है।यहां से आसपास के कई किलोमीटर के लोगों का आवागमन दवा कराने के लिए बच्चों को पढ़ाई करने के लिए गोरखपुर लखनऊ आना जाना पड़ता हैं ट्रेनों का ठहराव न होने से बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों का ठहराव होना व सरकारी बसों का संचालन होना रेलवे रिजर्वेशन काउंटर का खोले जाना अत्यंत आवश्यक है। मीडिया को टेलिफोनिक वार्ता में बताया कि बृजमनगंज में मुख्य ट्रेनों व सरकारी बसों के ठहराव न होने से बृजमनगंज से यात्रा करने वालो को समस्यों का सामना करना पड़ता है और लोगो को मध्य रात्रि में जंगलों व सुनसान रास्तों से लगभग 20 से 25 किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे स्टेशनों पर जा कर ट्रेनों को पकड़ना पड़ता है।गोरखपुर से अलग होकर महराजगंज मुख्यालय बने 30 वर्ष हो गए परन्तु बृजमनगंज से महराजगंज तथा गोरखपुर के लिए अभी तक एक भी रोडवेज बस का सीधा संचालन नहीं किया गया जबकि यहां के व्यापारी गण प्रतिदिन गोरखपुर व्यापार करने प्राइवेट साधनों से अधिक किराया देकर जाने के लिए मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि उनके द्वारा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री जी से मिलकर ट्रेनों के ठहराव सहित कई समस्याओं से अवगत कराया गया है जिस पर उन्होंने जल्द ही उनके निस्तारण की बात कही है। राकेश जायसवाल ने कहा कि मैं अभी कुछ दिन और दिल्ली रुकूंगा जब तक मंत्रालय से अच्छी खबर बृजमनगंज की जनता के लिए नहीं मिल जाती तब तक मैं वहां कुछ दिन रुक कर प्रयास करता रहूंगा।भाजपा नेताओं के इस प्रयास से जहां नगर पंचायत की दशा सुधरेगी वहीं बीजेपी को आने वाले चुनाव में जनाधार बृद्धि होगा । इस दौरान उनके साथ भाजपा मंडल महामंत्री सिद्धेश्वर चौरसिया महमूद आलम प्रबंधक ऑलमाइटी डिग्री कॉलेज झीनक विश्वकर्मा प्रभारी भाजपा शाहाबाद श्री राम दीपक करण, प्रधान प्रतिनिधि सौरहा दिलीप गुप्ता मौजूद रहे।

धन्यवाद ज्ञापन एवं स्वागत समारोह में माननीय पूर्व एमएलसी का भव्य स्वागत

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के मोहाव चोलापुर में माननीय एमएलसी श्याम नारायण सिंह जी के आवास पर धन्यवाद ज्ञापन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय पूर्व सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह व युवा नेता आकाश सिंह सन्नी जी रहे। जिसमें गोसाईपुर मोहाव के भूमि अधिग्रहण आंदोलन में सहयोग किये जाने के लिए गोसाईपुर मोहाव के समस्त लाभार्थी जनता की तरफ से धन्यवाद ज्ञापन व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे सूबेदार मेजर लल्लन प्रसाद यादव,अमित सिंह यादव कमल,मनीष यादव मिंटू,आशीष यादव,श्रेयांस सिंह,अश्वनी सिंह,राज सिंह,संजय सिंह प्रधान,चंदन सिंह,अनुराग सिंह यादव कौशल बृजेश यादव अंकित यादव सौरभ यादव अजय यादव बब्लू राजन राय दीनानाथ यादव रितेश यादव कारू प्रिंस यादव चंदन गुप्ता,संतोष यादव सोनू,मनीष यादव पिंटू,दिलीप यादव व मोहाव चोलापुर के समस्त सैकड़ो नागरिक लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी से महिलाओं ने की कोटा निरस्त करने की मांग

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। धर्मागतपुर गांव में अन्न महोत्सव के दिन कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों को प्रधानमंत्री का थैला तो दे दिया गया लेकिन उसमें अनाज नहीं दिया गया।जिसको लेकर मंगलवार को दर्जनों महिला और पुरुष प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर के नेतृत्व में खाली थैला के साथ उप जिलाधिकारी सूरज कुमार यादव को पत्रक देकर कोटा जांच कर निरस्त करने की मांग किया। प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर ने बताया कि कोटेदार द्वारा आए दिन यूनिट से कम अनाज दिया जाता है और राशन कार्ड धारकों से बदतमीजी की जाती है। प्रधान प्रतिनिधि संजय राजभर द्वारा कोटेदार की एस०डी०एम०से शिकायत को लेकर भीड़ंत का मामला भी चर्चा का? बिषय बना रहा।इस मौके पर महिलाओं में चंद्रावती देवी मोतिया सजनी देवी फूलमती देवी ममता देवी धनिया देवी राधिका देवी गीता देवी ज्योति देवी मालती देवी तन मन पासवान भरत कुमार सूरज सहित अन्य लोग शामिल थे।

हथियाराम मठ परिसर में हुआ सत्संग भवन का भूमि पूजन



प्रखर जखनियां गाजीपुर। चातुर्मास के पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार के दिन देश ही नही अपितु विश्व के सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियराम में जहाँ एक तरफ बुढ़िया माई के पावन धाम मे परम पूज्य महामंडलेश्वर,अनंत विभूषित, सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर श्री भवानी नंदन यति जी महाराज के पावन संकल्प एवं काशी के प्रकाण्ड वैदिक विद्वान आचार्य सुरेश जी के कुशल नेतृत्व में पवित्र चतुर्मास मे शिव शक्ति की आराधना, वंदना चल रही है वहीं दूसरी तरफ सिद्धपीठ के चतुर्दिक विकास का कार्य भी हो रहा है, इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत सत्संग भवन का भी भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आचार्य श्री सुरेश जी के ही सानिध्य में भाजपा नेता सादात के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ०संतोष कुमार यादव के कर कमलों द्वारा श्रीगणेश आचार्य संजय जी, अंबरीश सिंह, गौतम जी तथा संबंधित विभाग के जे ई, ए ई सहित दर्जनों लोगों उपस्थिति मे किया गया।

धरनारत अंध विद्यालय के छात्रों से मिली पूर्व राज्य मंत्री दिया आश्वासन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दुगाकुंड स्थित श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय के छात्र पिछले कई दिन से कक्षा 9 से 12 वीं तक के क्लास को शुरू करने की मांग पर अड़े हैं। छात्र बीते कई दिन से धरना प्रदर्शन और चक्काजाम भी कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक दलों की ओर से भी अब अंध विद्यालय के छात्रों को समर्थन मिलने लगा है। इस दौरान धरनारत छात्रों से मिलने रिबू श्रीवास्त पूर्व राज्य मंत्री पहुची और गहनता से बात चीत की। जिसके बाद उन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि पार्टी उनके हित की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हम छात्रों के समर्थन में है तथा छात्रों के इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। रिबू श्रीवास्तव ने कहा कि वह छात्र हितों के लिये जेल जाने से नहीं घबराती है।

अखिलेश यादव को 2022 में पुनः मुख्यमंत्री बनाने की कामना

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के व्यापारी नेता उत्तरी विधानसभा के उपाध्यक्ष किशन सेठ 1090 अपने साथियों के साथ सात अगस्त जम्मू स्थित माता वैष्णो देवी के दरबार में अपने भतीजे सुंदरम के साथ गए थे और माता के दरबार में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2022 में उत्तर प्रदेश में सरकार बने इसकी कामना की व्यापारी नेता किशन सेठ ने बताया कि उनका पांच वर्षीय भतीजा सुंदरम राष्ट्रीय अध्यक्ष की तस्वीर लेकर लगातार माता के धाम पैदल चलकर 2022 में सरकार बनाने के साथ-साथ उनकी लंबी उम्र की कामना की । वैष्णव माता दर्शन करने में सपा नेता किशन सेठ अनिल पटेल अरविंद सेठ रोहित सोहन लाल प्रदीप पटेल मुकुंद सेठ आदि लोग थे।

प्रधान का जेब नही भरा अपने वेतन से तो पंचायत भवन ही दे दिया भाड़े पर

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा हर गरीब को शौचालय व मकान दिया गया तो दूसरी तरफ कुछ लोगो को इससे बांछित भी रहना पड़ गया और कुछ जगह पर पक्के मकान वालो को आवास दिया गया कि उनसे प्रधानों ने सौदा कर लिया वही बात अगर करे जनपद महराजगंज के नौतनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकदह की तो यहाँ पर ग्राम प्रधान ने गरीबो की सेवा छोड़ कर गरीबो से ही दलाली पर तूल गया और उनको सार्वजनिक जगह पर रख कर (पंचायत भवन)में रख कर उनसे भी सौदेबाजी का खेल सुरु कर दिया आपको बताते चले कि जनपद के नौतनवां तहसील क्षेत्र में यह एक नया ग्राम प्रधान ने जैसे ही प्रधानी की कमान संभाली वैसे ही दलाली व लूट चालू कर दिया वही दूसरी तरफ अगर देखा जाए तो ग्राम प्रधान के इस रवैया से ग्रामीण में काफी चर्चा है और ग्राम प्रधान ने अगर गरीब का मकान अगर छतिग्रस्त हो गया तो उसको पंचायत भवन में रख कर उससे भी पैसे का कालाबाजारी प्रति माह भाड़ा देने का सौदा कर लिया वही जब इसकी जानकारी क्षेत्र के मीडिया कर्मियों को पता चली तो खबर कवरेज करने उपरोक्त तहसील क्षेत्र अंतर्गत पहुंचे जहां पर पंचायत भवन में रहने वाले गरीब मजदूरों ने अपनी दास्तान बताने लगे तो वहीं दूसरी तरफ उसी संबंध में ग्राम प्रधान से जब मीडिया कर्मियों ने पूछा तो ग्राम प्रधान द्वारा पत्रकार क्या होता है यह बोलकर सीधे हिल्ला हवाला करते हुए भाग निकला और और मीडिया क्या होता है उसे पहचानने से साफ इनकार कर दिया तथा अपनी जेब गर्म करने के लिए एक नई तलाश में जुड़ गया।

जनपद में अमृत महोत्सव कार्यक्रम काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर आज आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

प्रखर कुशीनगर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन के श्रृंखला में आज काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगाठ को पूरे जनपद मे भव्य रुप से मनाया गया। शहीद स्मारकों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा वीर शहीदों को नमन किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम काकोरी में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया।जिसे सभी उपस्थित जनो द्वारा देखा गया, तथा स्थानीय स्तर पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मा0 सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि जिस राष्ट्र के नागरिको में देश भावना के प्रति अटूट लगाव हो वही उन्नति कर सकता है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों/क्रांतिकारीयों के परिवारीजनों को नमन करते हुए आभार प्रकट किया। मा0 सांसद ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दिशा निर्देशन में भारत के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे विश्व मे भारत की एक अलग पहचान बनाई है, किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं तथा समाज को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का लिए संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने स्वत्वन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम सभी सदैव उनके ऋणि रहेंगे। पड़रौना नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने इस अवसर

कार्य किया है, साथ ही इस देश के नौनिहालों के दिल मे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का भी कार्य किया है। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने ने कहा कि इन महान बलिदानियों, वीर शहीदों के आदर्शो, संघर्षो व त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश की एकता, अखण्डता, अक्षुण्णता बनाए रखने के पर कहा कि देश/राष्ट्र के लिए समर्पित वीर सेनानियों के उत्तराधिकारियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने का कार्य वास्तव में सुभाग्य का कार्य है। पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल द्वारा भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर सांसद, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, द्वारा जनपद के 12 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को फूल माला व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आजादी का महोत्सव कार्यक्रम दौरान गोरखपुर/महराजगंज/कुशीनगर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, साथ ही विभिन्न कवियों द्वारा भी कविता के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन अनूप मिश्रा, द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थानो पर सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। तथा सभी तहसील मुख्यालयों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त मंत्री लाल बाबू वाल्मीकि, पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनुज मलिक,अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय, न0प पड़रौना अध्यक्ष , विनय जायसवाल,मा0 विधायक पड़रौना प्रतिनिधि श्री राम, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका ए एन सिंह, डीआईओ एनआईसी,सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

एसएसपी ने शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

प्रखर चोलापुर वाराणसी। काकोरी घटना की वर्षगांठ के मौके पर पूरे प्रदेश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर चोलापुर स्थित शहीद स्मारक पर भी सोमवार को अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के एकमात्र शहीद स्मारक को फूलों और बिजली के झालरों और तिरंगे रंग के गुब्बारों से सजाया गया। जहां पर पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण अमित वर्मा ने शहीदों को श्रध्दा सुमन अर्पित कर उनके परिजनों को भी अंगवस्त्र पहना कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक थाना प्रभारी चोलापुर काशीनाथ उपाध्याय रहे। एव मंच संचालन चंद्रप्रकाश सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख, सतीस चौबे, त्रिभुवन नारायण सिंह, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह,चंद्रशेखर सिंह, श्रीनिकेतन मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुभाष यादव,चोलापुर मंडल मिडिया प्रभारी राहुल चौबे ,अनिल सेठ,अजगरा चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार मिश्रा,सब इंस्पेक्टर आशीष पटेल,सब इंस्पेक्टर विपिन पांडेय,शिवशंकर सिंह चौहान व थाने के अन्य कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

एडी बेसिक से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पांडेय "शेखर" नेतृत्व में नवागत सहायक शिक्षा निदेशक वाराणसी मण्डल अवध किशोर सिंह से मुलाकात किया और उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा जनपद वाराणसी में बेसिक शिक्षा परिषद के संचालित विद्यालयों में चल रहे कायाकल्प के कार्यों, मुहल्ला क्लासेज और इससे छात्रों के अंदर हो रहे शैक्षिक विकास की चर्चा किया। सहायक शिक्षा निदेशक ने बताया जनपद वाराणसी के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों से मुलाकात हुई है जिसमें मैंने इन सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिया है कि मेरे कार्यकाल में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में कोई भी शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि समस्याओं के पेंडिंग पड़े रहने से शिक्षकों की कार्य क्षमता घटती है जिससे वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में अपना संपूर्ण योगदान नहीं दे पाते हैं। आगे उन्होंने कायाकल्प की प्रगति की समीक्षा कर शिक्षकों को आ रही समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश चंद, जिला उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, गोपेश यादव, आशा पाठक, सुशील कुमार, महिला विंग की जिला अध्यक्ष रमा रुखैयार, जिला मंत्री राजन सिंह राजेश त्रिपाठी एवं सुधारानी, जिला संयुक्त मंत्री आशुतोष पांडेय रितु ओबराय एवं गीता गुप्ता, प्रचार मंत्री धीरेंद्र सिंह और अमिताभ राय उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत लबनिया की ग्राम प्रधान सुगांती देवी द्वारा कराया गया सड़को की सफाई

प्रखर तमकुहीराज/कुशीनगर।तमकुही विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लबनिया के ग्राम प्रधान सुगांती देवी पत्नी वीरेंद्र यादव ने लबनिया अमारवां सम्पर्क मार्ग के दोनों किनारे गन्दगी व झाड़ झंखाड़ो से पड़ी थी ।जिसको मनरेगा मजदूरों द्वारा स्वयं अपनी देख रेख में साफ कराया। बताते चलें कि उक्त पिच सड़क दर्जनों गांवों को जोड़ती है ।जिसपर राहगीरों का रेला लगा रहता है ऐसे में मार्ग के दोनों तरफ गन्दगी व झाड़ झाखड़ो से पटा पड़ा था ।जो दुर्घटना का दावत दे रहा था।जिसे ग्राम प्रधान सुगांती देवी द्वार संज्ञान में लेते हुए त्वरित सफाई कराया गया। ग्रामीणों व राहगीरों ने प्रधान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवोदय की परीक्षा 21 केंद्रों पर होगी आज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। गजोखर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 11 अगस्त को जिले के 21 केंद्रों पर परीक्षा होगी। परीक्षा में 9582 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य पी के सिंह ने बताया इस बार छात्र संख्या अधिक होने के कारण 11 की जगह 21 केंद्र बनाए गए हैं। 21 केंद्रों पर 9582 छात्र छात्राएं परीक्षा में भाग लेंगी। ग्रामीण क्षेत्र में 19 व शहरी क्षेत्र के 2 जगह पर परीक्षा होंगे। परीक्षा 11 अगस्त को सुबह साढ़े 11 बजे से डेढ़ बजे तक होगी।

जन्मदिन मना रहे किशोर की पोखरे मे डूबने से हुई मौत

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। नगर पालिका फरेंदा कस्बे में स्थित दुर्गा मंदिर पोखरे मे एक किशोर की डूबने से मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह एक 15 वर्षीय किशोर अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने दुर्गा मंदिर सरोवर पर गया था । पैर फिसलने से वह हादसे का शिकार हो गया । मृतक का नाम तुषार अग्रहरि पुत्र मिश्रीलाल अग्रहरि चौरहिया गोला निवासी अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने दुर्गा मंदिर पर गया था । इस दौरान उसके मित्र भी साथ थे उसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूब गया । आनन - फानन में लोग इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए । जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । जन्मदिन की जगह मातम छा गया । हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से सरोवर के चारों तरफ जंजीर लगवाने की मांग की । लोगों ने बताया कि इसके पहले भी डूबने से एक किशोर की मौत हो चुकी है , अगर वहां जंजीर नहीं लगाया गया तो घटना घटती रहेगी । इस बाबत फरेंदा कोतवाल गिरिजेश उपाध्याय ने कहा कि जानकारी मिली है तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं